Indian School Al Wadi Al Kabir
Mid Term Exams
Subject-Hindi (3rd Lang.)

Class: VII — Max Marks: 80

Date: 17.09.2023 — Time – 2 $\frac{1}{2}$ Hrs

*General Instructions:*

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of 17 questions divided into 4 Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided*
4. *This question paper consists of 5 printed pages.*

---

**खंड 'क'**

**प्रश्न-1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- 10

किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों आपस में मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूखने के कारण हंस दूसरे तालाब पर उड़कर जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लड़की को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब पर रहेंगे। हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, लेकिन बातूनी होने के कारण तुम रास्ते में बात न करने लगना नहीं तो तुम नीचे गिरकर मर जाओगे। कछुए ने कहा कि वह मूर्ख नहीं है वह अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी क्यों मारेगा? योजनानुसार वे उड़ गए। रास्ते में कुछ लोगों की बात सुनकर कछुआ बोल पड़ा और नीचे गिरकर अपनी जान खो बैठा। हमें कभी भी फालतू बातों में न पड़कर अपने लक्ष्य की तरफ़ ही ध्यान देना चाहिए।

1. तालाब में कौन रहता था ?
   क. बैल, ख. कछुआ, ग. हाथी, घ. घोड़ा

2. हंस कह कहाँ रहता था ?
   क. नदी में , ख. नदी के किनारे, ग.तालाब में , घ. तालाब के किनारे

3. वे तीनों आपस में क्या थे ?
   क. मित्र , ख. भाई , ग. शत्रु , घ. चाचा-भतीजा

4. तालाब का पानी क्यों सूख गया ?
   क. वर्षा के कारण , ख. गर्मी के कारण , ग. बाढ़ के कारण घ. आँधी के कारण

5. तालाब का पानी सूखने पर हंसों ने क्या किया ?
क. भगवान् से प्रार्थना करने लगे , ख. दूसरा तालाब खोदने लगे ,
ग. दोनों हंस रोने लगे , घ. दूसरे तालाब पर जाने को तैयार हो गए

6. किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी ?
क. एक हंस को, ख. दोनों हंसों को ग. हंस और कछुए को, घ. केवल कछुए को

7. कौन बातूनी था ?
क. एक हंस ख. दोनों हंस ग. कछुआ घ. एक हंस और कछुआ

8. किसने कहा कि वह मूर्ख नहीं है ?
क. कछुए ने , ख. एक हंस ने ग. दोनों हंसों ने , घ. कुछ लोगों ने

9. रास्ते में कुछ लोगों की बात सुनकर कौन बोल पड़ा ?
क. एक हंस , ख. दोनों हंस , ग. कछुआ , घ. कछुआ और हंस

10. नीचे गिरकर कौन अपनी जान खो बैठा ?
क. मछली , ख.कछुआ , ग. एक हंस , घ. दोनों हंस

प्रश्न-2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिए : 3

मामा , दादा , काका , भैया , नाना

प्रश्न-3. किन्हीं तीन शब्दों के दो-दो पर्यावाची लिखिए : 3

माँ, दिन , धरती , घर , नेत्र

प्रश्न-4. किन्हीं तीन शब्दों के अर्थ (meaning) इंग्लिश में लिखिए : 3

समीर, गिरि , उत्सव , वरदान , सागर

प्रश्न-5. किन्हीं तीन शब्दों के वचन बदलकर लिखिए : 3

लड़की , बच्चा , लड़का , हवा , नदी

प्रश्न-6. किन्हीं तीन शब्दों के विलोम लिखिए: 3

न्याय , आदर , दिन , घर , धरती

प्रश्न-7. संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए : 3

क. शिशुपाल ने धीरे से किवाड़ खोला ।

ख. अशोक के दोनों तरफ सिपाही खड़े रहते थे ।

ग. बड़ा होकर वह मगध का सम्राट बना ।

प्रश्न-8. विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए : 3

क- अतिथि के चरणों से घर पवित्र हो जाएगा ।

ख- शिशुपाल ने अतिथि के लिए स्वच्छ जल मँगवाया ।

ग- जल पीकर अतिथि महोदय का मन शांत हो गया ।

घ- शिशुपाल बोला, आजकल बड़ा अन्याय हो रहा है ।

ङ- अतिथि चिढ़कर बोला, दोष निकालना आसान है ।

च- परन्तु कुछ करके दिखाना कठिन है ।

प्रश्न-9 . **रिक्त स्थानों में उचित कारक चिह्न भरिए**: 3

क. आज तीज ------- त्यौहार है । ( की /का )

ख. तीज ------ लड़कियाँ व्रत रखती हैं । (से/पर )

ग. पाँचवें दिन गेहूँ ------ बीज अंकुरित होते हैं । (के/की )

घ. दसवें दिन तीज -------- विसर्जन होता है । (का/को )

ङ. बच्चे खिलौने -------- खेलते हैं । (से/पर )

च. साँप बिल -------- निकल आया । ( पर/से )

प्रश्न-10 . किन्हीं तीन वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए: 3

क. मेरी बहन की नाम सीता है । ख . चिड़िया आसमान पर उड़ रही है ।

ख. ग. मेरा घर बहुत बड़ी है । घ. अब तुम तुम्हारे घर जाओ ।

प्रश्न-11 . मुहावरों को उसके अर्थ से मिलाइए : 3

| | मुहावरा | अर्थ |
|---|---|---|
| 1 | मुँह में पानी आना | बहुत गुस्सा करना |
| 2 | मुँह मोड़ना | सहायता करना |
| 3 | हाथ बढ़ाना | मना करना |
| 4 | फूला न समाना | चिंता में पड़ना |
| 5 | नींद उड़ जाना | मन ललचाना |
| 6 | खून खौलना | बहुत प्रसन्न होना |

## खंड – ख

प्रश्न-12 . सही विकल्प चुनिए: 10

1.सागर किसके चरणों में डोलता है ?

* दादी माँ के *नानी माँ के *मामी के *भारत माता के

2.सूरज की तरह किसका भाल चमकता है ?

* भारत माता का * दादी माँ का * नानी माँ का * मामी का

3. किसकी हत्या हुई थी?

*बालक की * पहरेदार की *सिपाही की *रानी की

4. बनजारों को तेलंगाना में क्या कहते है?

* लंबाडा * नायक * मरियमा देवी * छागुला

5. ढंबोली क्या है?

*रंगोली *वस्त्र *कार्यक्रम *स्वादिष्ट व्यंजन

6. बंजारा समाज की बस्ती को क्या कहा जाता है?

*आरन्मुला * टांडा *गणगौर *तोरण

7. तीज का त्यौहार कितने दिनों तक मनाया जाता है?

*11 *9 *13 *10

8. चारों ओर क्या फैला हुआ था?

* अंधकार * प्रकाश * कुहरा * कुहासा

9. तेलंगाना भारत के किस भाग में है?

* उत्तर *दक्षिण * पूरब *पश्चिम

10. तीज कैसा त्यौहार है?

* धार्मिक * अधार्मिक * राष्ट्रीय *सभी

प्रश्न-13. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए: 5

क. कवि किसको प्रणाम कर रहा है ?

ख. पहरेदार की हत्या किसने की और क्यों ?

ग. तीज किस समाज का त्यौहार है ?

घ. 'लंबाडा' और 'टांडा' शब्दों का क्या अभिप्राय है ?

ङ. क्या सुनकर मानवता आँखें खोल रही है ?

च. बनजारे मुखिया को क्या कहते हैं ?

छ. तीज का त्योहार कितने दिनों तक मनाया जाता है ?

प्रश्न-14. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में दीजिए : 6

क. गिरि नभ से कैसे मेल-जोल करते हैं ?

ख. हत्यारे का पता चलने पर न्यायमंत्री ने क्या किया ?

ग. तीज को लड़कियाँ कैसे मनाती हैं ?

घ. जीवन में त्योहार क्यों ज़रुरी है ?

प्रश्न-15 . किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए : 9

क. 'चरणों में सागर रहा डोल' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

ख. शिशुपाल कौन था और वह सम्राट अशोक से कैसे मिला ?

ग. पहरेदार की हत्या सम्राट अशोक ने क्यों की ?

घ. तीज के नौवें दिन क्या होता है ?

## खंड – ग

प्रश्न-16 . किसी **एक** पर लगभग 60 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 5

क. मेरे पिताजी ख. मेरा प्रिय त्योहार ग. मेरा देश

प्रश्न-17. चित्र को ध्यान से देखिए और मन में उभरने वाले विचारों को अपने शब्दों में लिखिए । 5

